आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 21.01.2026 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- गृह मंत्री अमित शाह आज उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर ऋषिकेश पहुंचेंगे। वे ऋषिकेश और हरिद्वार में धार्मिक, सामाजिक तथा स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के तहत उत्तराखंड के लिए कुल 7 सौ 59 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।
- केदारनाथ धाम यात्रा– 2026 के सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन को लेकर रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने तैयारियाँ शुरू की।
- और... मुख्यमंत्री धामी के पैतृक गांव टुंडी बारमो को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए पिथौरागढ़ जिला प्रशासन के प्रयास जारी।

गृह मंत्री का उत्तराखंड दौरा

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर ऋषिकेश पहुंचेंगे। इस दौरान वे ऋषिकेश और हरिद्वार में धार्मिक, सामाजिक तथा स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

आज दोपहर श्री शाह ऋषिकेश के स्वर्गाश्रम स्थित गीता भवन में गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह में शामिल होंगे।

वहीं कल वे हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ के महर्षि दयानंद ग्राम में पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में 'अखंड ज्योति' के दर्शन करेंगे और बैरागी द्वीप में आयोजित गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष समारोह में भाग लेंगे।

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। साथ ही सभी कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

एसएएससीआई

भारत सरकार ने एस.ए.एस.सी.आई, यानी स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के तहत उत्तराखंड के लिए कुल 759 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

योजना के प्रथम चरण में 734 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे, जिसके बाद अब 25 करोड़ रुपये की एक और किस्त जारी की गई है। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के लिए अब तक कुल 759 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के विकास में निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है, जिससे उत्तराखंड में विकास को गति मिल रही है।

आगामी केदारनाथ यात्रा

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा 2026 के सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित संचालन को लेकर रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में कल जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि श्रद्धालु जिस आस्था और विश्वास के साथ बाबा केदार के दर्शन के लिए आते हैं, उन्हें उसी भावना के अनुरूप सुविधाएँ प्रदान करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में यात्रा से जुड़ी प्रारंभिक तैयारियों, विभागीय दायित्वों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें यात्री सुविधाएँ, सड़क और पैदल मार्गों की स्थिति, पार्किंग व्यवस्था, डंडी–कंडी, घोड़ा–खच्चर संचालन, स्वास्थ्य सेवाएँ, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित कई महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते उपचारात्मक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के लिए रेन शेल्टर, घोड़ा पड़ावों और अन्य प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी।

**आदर्श गांव टुंडी बारमो**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पैतृक गांव टुंडी बारमो को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने बताया कि ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से गांव में कीवी, मशरूम, अनानास, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव के सौंदर्यीकरण के लिए भी विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

**आत्मनिर्भर महिलाएं**

रुद्रप्रयाग जिले के सारी गांव में संचालित जूट यूनिट ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर उभर रही है। रुद्रप्रयाग से हमारे संवाददाता ने बताया कि यह यूनिट देवरियाताल ग्राम संगठन के अंतर्गत जीवन ज्योति सीएलएफ के माध्यम से संचालित की जा रही है, जहां गांव की महिलाएं सामूहिक रूप से स्वरोजगार से जुड़ रही हैं।

जूट यूनिट में आधुनिक मशीनों की सहायता से महिलाएं स्कूल बैग, कैरी बैग, जूट पर्स सहित कई उपयोगी और आकर्षक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है। वर्तमान में यूनिट में गांव की 10 महिलाएं नियमित रूप से कार्य कर रही हैं, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है।

सारी गांव निवासी और यूनिट से जुड़ी महिला प्रेमा देवी ने बताया कि पहले वे केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद अब वे आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। इस पहल से उनकी आय में वृद्धि हुई है और आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है।

ऊखीमठ विकासखंड की खंड विकास अधिकारी अनुष्का ने बताया कि यह जूट यूनिट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामोत्थान मिशन के सहयोग से स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यूनिट का विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा जा सके।

## महिला बजट

महिला सशक्तिकरण और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश के बजट में महिला–केंद्रित योजनाओं के लिए 30 प्रतिशत धनराशि आरक्षित करने का सुझाव दिया है। इस संबंध में उन्होंने कल मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

अपने पत्र में मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग दो दशकों से जेंडर बजटिंग की व्यवस्था लागू है, लेकिन शुरू में इसमें बजट का कम हिस्सा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष जेंडर बजट में वृद्धि की है।

श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सही अर्थों में सशक्त बनाने तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए अधिक धनराशि की आवश्यकता है।

## सरकार जनता के द्वार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार” अभियान के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले की न्याय पंचायत बंद्राणी में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख ममता पंवार और उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

शिविर में विभिन्न विभागों की सहभागिता के साथ कुल 35 लिखित शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 28 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन, नेटवर्क समस्या, दोहरे बिल, सड़क और पेयजल लाइन क्षति, आधार केंद्र, बंद पड़े एटीएम सहित कई समस्याएं उठाईं।

गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है।

इस अवसर पर ‘वीबी जी राम जी’ योजना का पोस्टर भी लॉन्च किया गया, जिसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी ने दी।